# Ravidas Chalisa Lyrics in Hindi English

### Ravidas Chalisa Lyrics in Hindi

॥ दोहा ॥
बंदौं वीणा पाणि को,देहु आय मोहिं ज्ञान।
पाय बुद्धि रविदास को,करौं चरित्र बखान॥

मातु की महिमा अमित है,लिखि न सकत है दास।
ताते आयों शरण में,पुरवहु जन की आस॥

॥ चौपाई ॥

जै होवै रविदास तुम्हारी।कृपा करहु हरिजन हितकारी॥
राहू भक्त तुम्हारे ताता।कर्मा नाम तुम्हारी माता॥

काशी ढिंग माडुर स्थाना।वर्ण अछूत करत गुजराना॥
द्वादश वर्ष उम्र जब आई।तुम्हरे मन हरि भक्ति समाई॥

रामानन्द के शिष्य कहाये।पाय ज्ञान निज नाम बढ़ाये॥
शास्त्र तर्क काशी में कीन्हों।ज्ञानिन को उपदेश है दीन्हों॥

गंग मातु के भक्त अपारा।कौड़ी दीन्ह उनहिं उपहारा॥
पंडित जन ताको लै जाई।गंग मातु को दीन्ह चढ़ाई॥

हाथ पसारि लीन्ह चौगानी।भक्त की महिमा अमित बखानी॥
चकित भये पंडित काशी के।देखि चरित भव भय नाशी के॥

रत्न जटित कंगन तब दीन्हाँ।रविदास अधिकारी कीन्हाँ॥
पंडित दीजौ भक्त को मेरे।आदि जन्म के जो हैं चेरे॥

पहुँचे पंडित ढिग रविदासा।दै कंगन पुरइ अभिलाषा॥
तब रविदास कही यह बाता।दूसर कंगन लावहु ताता॥

पंडित जन तब कसम उठाई।दूसर दीन्ह न गंगा माई॥
तब रविदास ने वचन उचारे।पडित जन सब भये सुखारे॥

जो सर्वदा रहै मन चंगा।तौ घर बसति मातु है गंगा॥
हाथ कठौती में तब डारा।दूसर कंगन एक निकारा॥

चित संकोचित पंडित कीन्हें।अपने अपने मारग लीन्हें॥
तब से प्रचलित एक प्रसंगा।मन चंगा तो कठौती में गंगा॥

एक बार फिरि परयो झमेला।मिलि पंडितजन कीन्हों खेला॥
सालिग राम गंग उतरावै।सोई प्रबल भक्त कहलावै॥

सब जन गये गंग के तीरा।मूरति तैरावन बिच नीरा॥
डूब गईं सबकी मझधारा।सबके मन भयो दु:ख अपारा॥

पत्थर मूर्ति रही उतराई।सुर नर मिलि जयकार मचाई॥
रह्यो नाम रविदास तुम्हारा।मच्यो नगर महँ हाहाकारा॥

चीरि देह तुम दुग्ध बहायो ।जन्म जनेऊ आप दिखाओ ॥
देखि चकित भये सब नर नारी ।विद्वानन सुधि बिसरी सारी ॥

ज्ञान तर्क कबिरा संग कीन्हों ।चकित उनहुँ का तुम करि दीन्हों ॥
गुरु गोरखहि दीन्ह उपदेशा ।उन मान्यो तकि संत विशेषा ॥

सदना पीर तर्क बहु कीन्हाँ ।तुम ताको उपदेश है दीन्हाँ ॥
मन महँ हार्यो सदन कसाई ।जो दिल्ली में खबरि सुनाई ॥

मुस्लिम धर्म की सुनि कुबड़ाई ।लोधि सिकन्दर गयो गुस्साई ॥
अपने गृह तब तुमहिं बुलावा ।मुस्लिम होन हेतु समुझावा ॥

मानी नाहिं तुम उसकी बानी ।बंदीगृह काटी है रानी ॥
कृष्ण दरश पाये रविदासा ।सफल भई तुम्हरी सब आशा ॥

ताले टूटि खुल्यो है कारा ।माम सिकन्दर के तुम मारा ॥
काशी पुर तुम कहँ पहुँचाई ।दै प्रभुता अरुमान बड़ाई ॥

मीरा योगावति गुरु कीन्हों ।जिनको क्षत्रिय वंश प्रवीनो ॥
तिनको दै उपदेश अपारा ।कीन्हों भव से तुम निस्तारा ॥

॥ दोहा ॥

ऐसे ही रविदास ने,कीन्हें चरित अपार ।
कोई कवि गावै कितै,तहूं न पावै पार ॥

नियम सहित हरिजन अगर,ध्यान धरै चालीसा ।
ताकी रक्षा करेंगे,जगतपति जगदीशा ॥

## Ravidas Chalisa Lyrics in English

Dohā
Bandau Vīṇā Pāṇī Ko, Dehu Āy Mohīṁ Jñān.
Pāy Buddhi Ravidās Ko, Karauṁ Charitr Bakhān.

Mātū Kī Mahimā Amit Hai, Likhi Na Sakat Hai Dās.
Tāte Āyoṁ Sharaṇ Mein, Purvahu Jan Kī Ās.

Chaupāī
Jai Ho Vai Ravidās Tumhārī. Kripā Karhu Harijan Hitkārī.
Rāhū Bhakt Tumhāre Tātā. Karma Nāma Tumhārī Mātā.

Kāśī Dhiṅ Māḍur Sthānā. Varṇ Achūt Karat Gujarānā.
Dvādash Varṣ Umra Jab Āī. Tumhare Man Hari Bhakti Samāī.

Rāmānand Ke Śiṣya Kahāye. Pāy Jñān Nij Nāma Baṛhāye.
Śāstr Tarka Kāśī Meṁ Kīnhō. Jñānīn Ko Updeś Hai Dīnhō.

Gaṅg Māṭu Ke Bhakt Apārā. Kauṛī Dīnh Unhiṁ Upahārā.
Paṇḍit Jan Tāko Lai Jāī. Gaṅg Māṭu Ko Dīnh Chaṛhāī.

Hāth Pasār Līnh Chaugānī. Bhakt Kī Mahimā Amit Bakhānī.
Chakit Bhaye Paṇḍit Kāśī Ke. Dekhī Charit Bhav Bhay Nāśī Ke.

Ral Jatīt Kaṅgan Tab Dīnhāṁ. Ravidās Adhikārī Kīnhāṁ.
Paṇḍit Dījau Bhakt Ko Mere. Ādi Janm Ke Jo Hai Cherē.

Pahunchē Paṇḍit Dhiṅ Ravidāsā. Dai Kaṅgan Purī Abhilāṣā.
Tab Ravidās Kahī Yah Bātā. Dūsar Kaṅgan Lāvahu Tātā.

Paṇḍit Jan Tab Kasam Uṭhāī. Dūsar Dīnh Na Gaṅg Māī.
Tab Ravidās Ne Vachan Uchāre. Paṇḍit Jan Sab Bhaye Sukhāre.

Jo Sarvadā Rahai Man Chaṅgā. Tau Ghar Basati Māṭu Hai Gaṅgā.
Hāth Kaṭhautī Meṁ Tab Ḍārā. Dūsar Kaṅgan Ek Nikārā.

Chit Sankocit Paṇḍit Kīnhē. Apne Apne Mārg Līnhē.
Tab Se Prachalit Ek Prasaṅgā. Man Chaṅgā To Kaṭhautī Meṁ Gaṅgā.

Ek Bār Phir Paryo Jhamelā. Milī Paṇḍitjan Kīnhō Khelā.
Sālig Rām Gaṅg Utarāvai. Soī Prabal Bhakt Kahalāvai.

Sab Jan Ga’e Gaṅg Ke Tīrā. Mūrti Tairāvan Bich Nīrā.
Ḍoob Ga’īn Sabkī Majhdhārā. Sabke Man Bhayo Dukh Apārā.

Patthar Mūrti Rahī Utarāī. Sur Nar Milī Jaikār Machāī.
Rahyo Nāma Ravidās Tumhārā. Machyo Nagar Mahā Hāhākārā.

Chīrī Deh Tum Dugdh Bahāyo. Janm Janeū Āp Dikhāyo.
Dekhi Chakit Bhaye Sab Nar Nārī. Vidwānān Sudhi Bisarī Sārī.

Jñān Tarka Kabirā Sang Kīnhō. Chakit Unhūṁ Kā Tum Karī Dīnhō.
Guru Gorakhī Dīnh Updeśā. Un Mānyō Takī Sant Viśeṣā.

Sadan Pīr Tarka Bahu Kīnhā. Tum Tāko Updeś Hai Dīnhā.
Man Mahāṁ Hārīo Sadan Kasāī. Jo Dillī Meṁ Khabarī Sunāī.

Muslim Dharm Kī Sunī Kubṛā’ī. Lodhī Sikandar Gayo Gussā’ī.
Apne Gṛh Tab Tumhīṁ Bulāvā. Muslim Hon Hetu Samujhāvā.

Mānī Nāhīṁ Tum Uskī Bānī. Bandīgṛh Kātī Hai Rānī.
Kṛṣhṇa Darś Pāye Ravidāsā. Safal Bhai Tumhārī Sab Āśā.

Tāle Ṭūṭi Khulyo Hai Kāra. Mām Sikandar Ke Tum Mārā.
Kāśī Pur Tum Kahān Pahunchāī. Dai Prabhutā Arumān Baṛā’ī.

Mīrā Yogāvatī Guru Kīnhō. Jinako Kṣatriya Vansh Pravīno.
Tinko Dai Updeś Apārā. Kīnhō Bhav Se Tum Nistārā.

Dohā
Aise Hī Ravidās Ne, Kīnhō Charit Apār.
Koī Kavi Gāvai Kitai, Tahu Nā Pāvai Pār.

Niyam Sahit Harijan Agar, Dhyan Dharai Chālīsā.
Tākī Rakṣā Kareṅge, Jagatpatī Jagadīśā.

## About Ravidas Chalisa in English

Ravidas Chalisa is a devotional hymn dedicated to Guru Ravidas, a prominent saint, poet, and spiritual leader in the Bhakti movement. Known for his teachings on equality, love, and devotion to God, Guru Ravidas emphasized the importance of living a simple and righteous life, free from the discrimination of caste, creed, and social status. The Ravidas Chalisa consists of 40 verses (Chalisa) that extol his virtues, wisdom, and divine grace.

The hymn describes Guru Ravidas as a compassionate and enlightened soul who spread the message of devotion to God and service to humanity. His teachings focused on the unity of mankind and the importance of self-realization through devotion to the Supreme Being. The Chalisa also narrates stories of his miraculous acts, his deep connection with the divine, and the positive impact of his teachings on society.

Devotees recite the Ravidas Chalisa to seek Guru Ravidas's blessings for spiritual growth, peace, and prosperity. It is believed that by chanting this hymn with devotion, one can experience divine grace, remove obstacles from life, and find a path of righteousness. The Ravidas Chalisa is particularly recited by those seeking guidance, mental peace, and the courage to live a life of truth and service.

## About Ravidas Chalisa in Hindi

रविदास चालीसा एक भक्ति प्रार्थना है, जो गुरु रविदास जी को समर्पित है। गुरु रविदास जी एक महान संत, कवि और भक्ति आंदोलन के प्रमुख व्यक्ति थे, जिन्होंने समाज में जातिवाद, भेदभाव और असमानता के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने सभी मानवों की समानता और भगवान के प्रति पूर्ण श्रद्धा की महिमा का प्रचार किया। रविदास चालीसा में उनके जीवन के अद्भुत गुणों, उनके उपदेशों और उनके कार्यों का वर्णन किया गया है।

यह चालीसा 40 चौपाइयों में बंटी हुई है, जो गुरु रविदास की करुणा, ज्ञान, और दिव्य कृपा का बखान करती है। चालीसा में गुरु रविदास के जीवन की कई घटनाओं का उल्लेख किया गया है, जिसमें उनके द्वारा किए गए चमत्कार और समाज में उनके योगदान का वर्णन है। उनका संदेश था कि हर व्यक्ति भगवान के प्रति समर्पित होकर, सत्य और प्रेम के मार्ग पर चले।

रविदास चालीसा का पाठ भक्तों को मानसिक शांति, आंतरिक संतोष और आध्यात्मिक उन्नति की प्राप्ति में मदद करता है। यह चालीसा विशेष रूप से उन भक्तों द्वारा पढ़ी जाती है जो गुरु रविदास से आशीर्वाद प्राप्त करना चाहते हैं और अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं।